
हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

खेतों के आकार में भी बड़ा अंतर, आड़े-तिरछे नक्शे ने उलझाया

पीवी ऐप में एक ही लोकेशन पर दिख रहे कई खसरे, बढ़ा विवाद



10 के बाद सीधे 113 नंबर खसरा

इन सब के इतर पीवी ऐप में खसरे नंबर भी अपने वास्तविक लोकेशन या स्थान पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। यानी सामान्य तौर पर समझे तो जिस स्थान पर खसरा नंबर 10 और 11 प्रदर्शित हो रहा है, उसी लोकेशन पर सीधे खसरा नंबर 112 और 113 भी नजर आ रहा है। जबकि जबकि किसी भी जमीन का खसरा नंबर गांव के नक्शे के अनुसार क्रम से व्यवस्थित होता है। भुइँया साफ्टवेयर तो यह अपनी वास्तविक स्थान पर है, लेकिन पीवी ऐप में इन खसरों स्थान बदल गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतीक मिश्रा

खेतों में लगी फसल का पीवी ऐप के माध्यम से भौतिक सत्यापन कराने को लेकर शासन लगातार जोर दे रही है, लेकिन इस ऐप में कई तरह की तकनीकी खामियां बाद में विवाद की बड़ी वजह बन सकती है। ऐसा हम नहीं बल्कि यह ऐप खुद ही इस बात को बयां कर रहा है। क्योंकि एक या दो नहीं बल्कि हर गांव में ऐप गलत आंकड़े प्रदर्शित कर रहा है। जैसे एक ही लोकेशन पर कई खतरों का स्थित होना, खेतों के आकार में भी भुइँया पोर्टल या ऐप में प्रदर्शित नक्शे के अनुसार बड़ा अंतर होना दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा पीवी ऐप के माध्यम से खेतों में लगाई गई फसलों का भौतिक सत्यापन करने को लेकर आदेश दिया गया है। किंतु शुरू से ही इस ऐप में कई तरह की तकनीकी खामियां होने की बात पटवारी संघ कहता रहा है। इसके अलावा पटवारियों द्वारा इस ऐप का बहिष्कार करने तथा इसके माध्यम से किए जाने वाले भौतिक सत्यापन में विवाद की स्थिति बनने की बात कही जा रही है। इसकी मुख्य वजह है कि यह ऐप में एक ही स्थान या लोकेशन पर अलग-अलग खतरे प्रदर्शित हो रहे हैं, जबकि धरातल पर यह सभी खसरे अलग-अलग दूरी पर स्थित हैं। इसके अलावा खेत के आकार व नक्शे में भी बड़ा नजर आ रहा हैं। यानी वास्तव में जिस खेत का आकार आयताकार है, वह पीवी ऐप में त्रिकोण या फिर दूसरे आकार का नजर आ रहा है। यही वजह है कि इस तरह की तकनीकी खामियों के कारण किसानों को तो नुकसान हो सकता है, वहीं दूसरी ओर इससे भविष्य में विवाद की स्थिति भी निर्मित होने की संभावना बनी हुई है। उदाहरण के रूप में समझे तो पुसौर विकासखंड के ग्राम दर्रामुडा में खसरा नंबर 6/3 और 7/5 की लोकेशन एक ही है, जबकि दोनों खसरों की वास्तविक लोकेशन अलग-अलग है। ठीक इसी प्रकार दर्रामुड़ा गांव में ही खसरा नंबर 10/1/क, 10/1ख, 11/2/ख, एक ही लोकेशन में प्रदर्शित हो रहा है।







खबर संक्षेप

कलेक्टर ने वर्ष 2026 के लिए घोषित किए स्थानीय अवकाश

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-2 के अनुक्रमांक 04 के नियम 08 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वर्ष 2026 के लिए जिला जशपुर हेतु तीन दिवस स्थानीय अवकाश घोषित किया है। घोषित अवकाश के अनुसार 16 जुलाई 2026 गुरुवार को रथयात्रा पर्व पर, 26 अक्टूबर 2026 सोमवार को कुंवर पूर्णिमा 'करम परब' त्यौहार पर, 9 नवंबर 2026, सोमवार को दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा पर स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश बैंक एवं कोषालय पर लागू नहीं होगा।

बिहान योजना और पीएम मुद्रा लोन से सविता बनीं आत्मनिर्भर

जशपुरनगर। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में सहायक साबित हो रही हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ परिवार की जिम्मेदारियों को भी बेहतर ढंग से निभा रही हैं। दुलदुला विकासखंड के ग्राम छेड़डाड़ निवासी सविता रजक इसकी एक प्रेरक मिसाल हैं, जिन्होंने बिहान योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से मिले सहयोग से बकरी पालन का व्यवसाय शुरू किया है। सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली सविता का सपना अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने और बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का था। इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के तहत महिला ग्राम संगठन से जुड़कर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया।

नींव बहुभाषी शिक्षा अंतर्गत संकुल अकादमिक समन्वयक का उन्मुखीकरण

जशपुरनगर। जिले के अंतर्गत, बगीचा विकासखंड में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड केंद्र स्त्रोत समन्वयक और श्री पांडे की सहयोग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय बगीचा में गुरुवार को संकुल अकादमिक समन्वयकों का 3 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन का शुभारंभ किया गया। यह उन्मुखीकरण दिनांक 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक 18 संकुल अकादमिक समन्वयकों के साथ किया जाएगा। उन्मुखीकरण के दौरान कुनकुरी विकासखण्ड के 119 विद्यालयों में निरंतर शिक्षकों की सहयोग साझा विद्यालय विज़िट के दौरान संकुल अकादमिक समन्वयक के द्वारा किया जाएगा। 3 दिवसीय उन्मुखीकरण के दौरान संकुल अकादमिक समन्वयक को नींव बहुभाषी शिक्षा की ढांचा और 119 शिक्षकों के निरंतर अकादमिक सहयोग को 119 विद्यालयों में सुनिश्चित किया जाएगा। संकुल अकादमिक समन्वयकों के उन्मुखीकरण के पूर्व कुनकुरी विकासखण्ड में 119 शिक्षकों का 8 से 12 सितंबर 2026 के बीच प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है ।

सीएम कैम्प की पहल से मृतका के परिवार को 4 लाख का मुआवजा

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल से फरसाबहार तहसील के ग्राम बारो निवासी रामसाय पैंकरा के परिवार को बड़ी राहत मिली है। उनकी पुत्री स्वर्गीय मनसुखनी बाई की मृत्यु के बाद लंबित मुआवजा प्रकरण में परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। लंबे समय से मुआवजे की प्रतीक्षा कर रहे परिवार के लिए यह राशि आर्थिक संबल बनी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में कार्यरत मनसुखनी बाई आंगनबाड़ी केंद्र में खाना बनाने के दौरान आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गई थीं। उपचार के दौरान 24 जनवरी 2024 को उनका निधन हो गया था। इस दुखद घटना के बाद स्वर्गीय मनसुखनी बाई के पिता रामसाय पैंकरा ने सीएम कैम्प कार्यालय बगिया पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम लिखित आवेदन सौंपा और अपनी समस्या से अवगत कराते हुए सहायता की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री की पहल पर संबंधित विभाग के माध्यम से आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

भारतमाला सड़क पर 19 हाथियों के दल का मूवमेंट, शावकों के साथ पार करते दिखे हाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल के बाकारूमा रेंज में हाथियों की आवाजाही के बीच भारतमाला सड़क पर 19 हाथियों का दल पार करते नजर आया।

- वाहन चालकों व ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील

तेजपुर परिसर के अंतर्गत सिसरिंगा गांव के पास कल शाम हाथियों का यह दल सड़क पार कर रहा था। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल फोन में हाथियों की तस्वीरें और वीडियो कैद किए।

मिली जानकारी के अनुसार इस दल में कुल 19 हाथी शामिल हैं। इनमें 7 नर, 8 मादा और 4 शावक हैं। हाथियों के साथ नन्हे शावकों को सड़क पार करते देख लोगों का ध्यान इस ओर



आकर्षित हुआ। विशाल दल की आवाजाही के दौरान आसपास मौजूद लोग हाथियों को देखते रहे। धरमजयगढ़ वन मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों की मौजूदगी के बीच सड़क पर उनका मूवमेंट वाहन चालकों और आसपास के ग्रामीणों के लिए सतर्क रहने का संकेत है। हाथियों के अचानक सड़क पर आ जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हाथियों को सड़क पार करते देखने पर वाहन चालकों को सुरक्षित दूरी बनाए रखनी चाहिए। हाथियों के नजदीक जाने, उनका रास्ता रोकने या फोटो-वीडियो बनाने के लिए जोखिम उठाने से बचना जरूरी है।

हाथियों को बिना परेशान किए रास्ता देने से इंसानों और वन्यजीवों, दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है। वन विभाग की ओर से प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और उनकी गतिविधियों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। हाथियों की लगातार मौजूदगी के बीच ग्रामीणों की सुरक्षा और फसलों को होने वाले नुकसान की रोकथाम वन विभाग के सामने महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है।

49 हाथियों ने की 17 किसानों की फसलें बर्बाद

जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब 5:30 बजे हाथियों का दल बोरो रानी मंदिर के समीप सड़क पार कर उदउदा बीट की ओर बढ़ रहा था। हाथियों की संख्या अधिक होने के कारण वाहन चालकों को अपने वाहन रोककर इंतजार करना पड़ा। मौके पर वन विभाग की टीम और स्थानीय ग्रामीण हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। हाथियों के सुरक्षित रूप से जंगल की ओर जाने के बाद ही मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका। हाथियों की आवाजाही के बीच किसानों की परेशानी भी बढ़ रही है। बीती रात धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग क्षेत्रों में जंगली हाथियों ने 17 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्रों में पहुंची और नुकसान का आकलन शुरू किया। वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, धरमजयगढ़ वन मंडल में फिलहाल 104 हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ सहित झारखंड एवं ओडिशा से उमड़ा जनसैलाब

कंडोरा में दशई करम महोत्सव 60 हजार से अधिक लोग शामिल

रौतिया समाज की परंपराएं हमारी सांस्कृतिक धरोहर: संतोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रौतिया समाज की ओर से 22 अक्टूबर एकादशी के दिन कंडोरा में भव्य दशई करम महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रकृति पूजा, पारंपरिक संस्कृति और सामाजिक एकता को

- करम महोत्सव जनजातीय संस्कृति और एकता का जीवंत उदाहरण: चिंतामणि

समर्पित इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ सहित झारखंड, ओडिशा एवं अन्य क्षेत्रों से 60 हजार से अधिक समाजजनों की सहभागिता रही। महोत्सव में पारंपरिक रीति- रिवाजों, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकजुटता का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय एवं सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के सांसद चिंतामणि महाराज उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न जनजातीय एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

करम महोत्सव जनजातीय संस्कृति और एकता का जीवंत उदाहरण: चिंतामणि

सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि सरगुजा अंचल के जनजातीय समाज की समृद्ध परंपराओं और करम पूजा की सांस्कृतिक महत्ता ने पूरे छत्तीसगढ़ को इस पर्व से जोड़ा है। रौतिया समाज की ओर से आयोजित भव्य दशई करम महोत्सव इसका जीवंत उदाहरण है। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से समाजजनों की विशाल भागीदारी हमारी सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक आस्था और सामाजिक एकता को प्रदर्शित करती है।

छत्तीसगढ़ सहित झारखंड और ओडिशा से पहुंचे समाज जन

महोत्सव में जशपुर के अलावा सरगुजा, सूरजपुर, कोरबा, सक्ती और रायगढ़ सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से समाजजन पहुंचे। इसके साथ ही झारखंड, ओडिशा एवं अन्य प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। आयोजन में रौतिया समाज के अतिरिक्त बस्तर के अमनित भतरा समाज, कोरवा समाज, उरांव समाज सहित अन्य समाजों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिसने कार्यक्रम को व्यापक सामाजिक सहभागिता का स्वरूप प्रदान किया।

प्रकृति के प्रति श्रद्धा, संस्कृति संरक्षण सामाजिक एकजुटता का संदेश

दशई करम महोत्सव ने प्रकृति के प्रति श्रद्धा, पारंपरिक संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता और समाज की एकजुटता का संदेश दिया। विशाल जनभागीदारी के साथ आयोजित यह महोत्सव रौतिया समाज की सांस्कृतिक पहचान और सामूहिक शक्ति का प्रतीक बना।

करम महोत्सव में रक्तदान शिविर का आयोजन

दशई करम महोत्सव को बहुउद्देशीय एवं जनकल्याणकारी स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से रौतिया समाज एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान कर मानव सेवा एवं जनकल्याण का संदेश दिया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को समाज एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित करना तथा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा।


नगर निगम की वेबसाइट पर दिखा हैक का संदेश पाकिस्तानी झंडे जैसा निशान देख मचा हड़कंप

रायगढ़। रायगढ़ नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर गुरुवार रात संदिग्ध संदेश दिखाई देने से अधिकारियों में हड़कंप मच गया। वेबसाइट खोलने पर पाकिस्तानी झंडे जैसा निशान और 'ओवरथ्रैश 1337 द्वारा हैक किया गया' लिखा नजर आ रहा था। इस दौरान वेबसाइट के

- वेबसाइट पर नहीं खुल रहे थे कार्यक्रम

कई कार्यक्रम भी नहीं खुल रहे थे। मामला सामने आने के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने पुलिस को सूचना दी।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार रात नगर निगम की वेबसाइट खोलने पर सामान्य जानकारी और कार्यक्रम देखने में परेशानी हो रही थी। स्क्रीन पर संदिग्ध संदेश के साथ पाकिस्तानी झंडे जैसा निशान दिखाई दे रहा था। इसके बाद वेबसाइट के तकनीकी प्रबंधन से जुड़े लोगों के माध्यम से जांच कराई गई। वेबसाइट को ठीक करने के लिए उसे दोबारा बहाल किया गया। कुछ ही घंटों में वेबसाइट फिर से काम करने लगी। नगर निगम के प्रोग्रामर के मुताबिक, वेबसाइट हैक होने जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने वायरस या किसी तरह



की छेड़छाड़ की आशंका जताई है। हालांकि, वेबसाइट पर संदिग्ध संदेश दिखाई देने के वास्तविक कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। तकनीकी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि वेबसाइट हैक हुई थी या किसी अन्य कारण से इस तरह का संदेश दिखाई दिया। नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर संदिग्ध संदेश दिखाई देने की घटना ने सरकारी वेबसाइटों की साइबर सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वेबसाइट दोबारा शुरू होने के बाद अब घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाना महत्वपूर्ण है।

विश्व हिंदी परिषद में डॉ. मनीषा और डॉ. माधुरी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

रायगढ़। विश्व हिंदी परिषद ने हिंदी भाषा, साहित्य और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार को गति देने के उद्देश्य से रायगढ़ जिले में डॉ. मनीषा त्रिपाठी और डॉ. माधुरी त्रिपाठी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। 21 अक्टूबर 2026 को जारी मनोनयन पत्र के अनुसार, डॉ.मनीषा त्रिपाठी को जिला संयोजक तथा डॉ. माधुरी त्रिपाठी को महासचिव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया है। डॉ. मनीषा त्रिपाठी को 30 एवं 31 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी, राष्ट्रवाद और सुशासन में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है।

सम्मेलन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के हिंदी-प्रेम, राष्ट्रवाद, सुशासन और व्यक्तित्व-कृतित्व पर विचार-विमर्श होगा। परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. बिपिन कुमार ने उनका शोध-सारांश प्राप्त होने के बाद आमंत्रण जारी किया है। डॉ. माधुरी त्रिपाठी से जिले में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित



करने की अपेक्षा है। वहीं, छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में डॉ. सत्यनारायण तिवारी को जिला अध्यक्ष, शैक्षणिक प्रकोष्ठ तथा डॉ. दिलीप सिंह राजपूत को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से प्रदेश में हिंदी भाषा, साहित्य, शिक्षा और संस्कृति के विस्तार को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों और परिषद के सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं।

युवा उड़ान कार्यक्रम में युवाओं में दिखा जोश, विकसित भारत के संकल्प के साथ तुलनात्मक अध्ययन पर चर्चा



रायगढ़। छत्तीसगढ़ सरकार और छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के संयुक्त तत्वावधान में रायगढ़ में युवा उड़ान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शामिल हुए। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमीत शर्मा सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के सैकड़ों पदाधिकारी और हजारों युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत-2047 के संकल्प से जोड़ना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था।

युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि भारत की युवा आबादी देश की सबसे बड़ी ताकत है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब युवा देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन युवाओं को नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले, नवाचार करने वाले और स्टार्टअप स्थापित करने वाले उद्यमी के रूप में तैयार करना है। उन्होंने चंद्रयान मिशन, डिजिटल भुगतान प्रणाली, खेल और स्टार्टअप के क्षेत्र में भारतीय युवाओं की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी युवा नेतृत्व की प्रेरक मिसाल हैं। उनके नेतृत्व में शिक्षा, खेल, लाइब्रेरी और नालंदा परिसर जैसे क्षेत्रों में हो रहे कार्य युवाओं के भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने युवाओं से कौशलयुक्त, आत्मनिर्भर और राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित नागरिक बनने का आह्वान किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमीत शर्मा ने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और उद्यमिता में आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने घोषणा की कि युवा मोर्चा प्रत्येक कॉलेज और वार्ड में युवा उड़ान संवाद आयोजित करेगा। उन्होंने नशामुक्त, कौशलयुक्त और राष्ट्र के प्रति समर्पित युवा शक्ति के निर्माण पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित युवाओं ने विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की शपथ ली।

धनागर में मिला दुर्लभ रेड सैंड बोआ, 'दोमुंहे सांप' को वन विभाग ने सुरक्षित जंगल में छोड़ा

रायगढ़। जिले के समीपस्थ ग्राम धनागर में दुर्लभ माने जाने वाले रेड सैंड बोआ सांप के मिलने से इलाके में चर्चा शुरू हो गई। सूचना मिलने पर सर्प रक्षक समिति रायगढ़ और वन विभाग सक्रिय हुए। सांप को सुरक्षित संरक्षण में लेकर आवश्यक प्रक्रिया और स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जंगल में उसके प्राकृतिक आवास के अनुकूल स्थान पर छोड़ दिया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, धनागर गांव में एक व्यक्ति के घर पर यह सांप दिखाई दिया था। इसकी सूचना सर्प रक्षक समिति के वरिष्ठ रेस्क्यूवर पुष्पेंद्र त्रिपाठी को मिली। बताया गया कि सांप को जंगल में छोड़ने की बात कहकर एक अज्ञात व्यक्ति अपने साथ ले गया था। मामले की जानकारी मिलने पर समिति ने सांप को सुरक्षित संरक्षण में लेने की पहल की। समिति के अध्यक्ष विनितेश तिवारी के निर्देश पर सचिव सुमित बेहरा ने मामले में सक्रियता दिखाई और वन विभाग को इसकी जानकारी दी। इसके बाद रायगढ़ वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी एस.एल. लकड़ा तथा उप वनमंडलाधिकारी



आशीष को घटनाक्रम से अवगत कराया गया। वन विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में सांप को सुरक्षित रखने और उसके पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी की गई। रायगढ़ और आसपास के क्षेत्र में करीब 10 वर्षों बाद इस प्रजाति का सांप दिखाई देने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, इस अवधि में इसके नहीं दिखने की स्वतंत्र पुष्टि उपलब्ध नहीं है। रेड सैंड बोआ की मौजूदगी ने एक बार फिर स्थानीय स्तर पर वन्यजीव संरक्षण की जरूरत को रेखांकित किया है।

विषहीन होता है रेड सैंड बोआ

इसे आम बोलचाल में दोमुंहा सांप कहा जाता है। इसकी पूंछ का सिर जैसा गोल दिखाई देना इसके दोमुंहे होने की गलत धारणा को जन्म देता है, जबकि वास्तव में इसके दो सिर नहीं होते। यह सांप विषहीन होता है और सामान्यतः जमीन के भीतर या बिलों में रहता है। छोटे जीवों और कृंतकों को खाकर यह पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अंधविश्वास के कारण तस्करी का खतरा

रेड सैंड बोआ को लेकर कई तरह की भ्रामक धारणाएं प्रचलित हैं। इसके कथित चमत्कारिक औषधीय उपयोग और करोड़ों रुपये की कीमत जैसे दावों को विश्वसनीय प्रमाण के बिना सच नहीं मानना चाहिए। ऐसी भ्रांतियां इस प्रजाति के अवैध व्यापार और तस्करी का खतरा बढ़ा सकती हैं। वन्यजीव संरक्षण के मद्देनजर किसी भी सांप को देखकर घबराने, उसे मारने या अपने साथ ले जाने के बजाय प्रशिक्षित सर्प रक्षकों अथवा वन विभाग को सूचना देना चाहिए। वन्यजीवों को पकड़ने, उनका अवैध व्यापार करने या उन्हें नुकसान पहुंचाने पर लागू कानूनों के तहत कार्रवाई हो सकती है।

जंगल में छोड़ा गया

यह सांप दुर्लभ प्रजाति हैं। इसका उपयोग औषधी बनाने के लिए भी किया जाता है। यही वजह से की इसका शिकार भी किया जाता है। इसका रेक्स्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया है।

-संजय लकड़ा, वन परिक्षेत्राधिकारी रायगढ

मिलूपारा में अदाणी फाउंडेशन की केंद्रीय खेल प्रतियोगिता, 400 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

रायगढ़। ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्राम मिलूपारा स्थित आदर्श ग्राम्य भारती विद्यालय में केंद्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में तमनार, धरमजयगढ़, मिलूपारा, पुसौर, धौराभांठा, लिब्रा और राजपुर सहित सात स्कूल क्लस्टरों के 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बंसीधर चौधरी, श्रीमती नंदिनी मनोज राय, पेलमा साइट हेड, गारे पेल्मा-3 साइट हेड एवं लॉजिस्टिक्स हेड की उपस्थिति में हुआ। विशिष्ट अतिथियों में मिलूपारा सरपंच उद्धव भगत, उपसरपंच सीताराम चौधरी, मंडल अध्यक्ष सरोज बेहरा,



यादलाल नायक, बबलू पटेल, अशोक पटेल और नित्यानंद सहित अदाणी समूह के प्रतिनिधि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल रहे। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी और खो-खो के मैदान में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विभिन्न स्कूलों की बालक-बालिका टीमों ने अनुशासन, खेल भावना और टीमवर्क का परिचय देते हुए जीत के लिए जोरदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मोमेंटो और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। आयोजन को सुचारु बनाने के लिए अदाणी फाउंडेशन ने ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए बस परिवहन की व्यवस्था की। साथ ही, मैदान में संभावित चोटों और आपात स्थितियों से निपटने के लिए चिकित्सकीय टीम एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक चावल जमा करने में तेजी के निर्देश

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में आज जिले के राइस मिलर्स की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी धान खरीदी की तैयारियों, कस्टम मिलिंग के अंतर्गत चावल जमा करने की प्रगति तथा संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी राइस मिलर्स को निर्धारित समय-सीमा में चावल जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने और लंबित मात्रा का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि धान खरीदी की आगामी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कस्टम मिलिंग के अंतर्गत चावल का समय पर जमा होना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित मिलर्स को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम से संबंधित निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चावल जमा करने के निर्देश दिए। साथ ही चावल जमा करने में अनावश्यक विलंब नहीं करने और लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने विशेष रूप से उन राइस मिलर्स को निर्देशित किया, जिनके द्वारा अब तक लगभग 50 प्रतिशत चावल ही जमा किया गया है।



प्रताप का टीजर जारी, इस बार शिकारी खुद हुआ शिकार

मुंबई। फिल्म 'प्रताप' का टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। फिल्म में अभिनेता अमित साध मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में एक पुलिसवाला और उसके पीछे चलती साजिश को दिखाया गया है। यह पुलिस ऑफिसर एक ब्लास्ट केस में फंसा हुआ है। इस केस की वजह से उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है। मगर वह हार नहीं मानता। जेल में रहते हुए भी वह खुद को बेगुनाह साबित करने के लिए कानून का सहारा लेता है।फिल्म प्रताप का लेखन और निर्देशन सचिन सारफ कर रहे हैं वहीं, फिल्म का निर्माण प्रदीप रंगवानी और यूवी फिल्म्स कर रहे हैं।

लाइफ Style

ईशा

कलाकार को वक्त के साथ बदलना जरूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईशा कोप्पिकर ने अपने फिल्मी कॅरियर के बारे में बात की है। उन्होंने इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में अपने अब तक के सफर और बदलते समय के साथ खुद को ढालने की अहमियत पर बात की।

तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने शुरुआती काम से लेकर 'कंपनी' और 'एक विवाह ऐसा भी' जैसी बॉलीवुड फिल्मों तक, ईशा कोप्पिकर ने इस बात पर जोर दिया कि इंडस्ट्री में लंबा कॅरियर बनाए रखने के लिए एक एक्ट्रेस के तौर पर लगातार एक्टिव रहना बहुत जरूरी है। इस बीच एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने बताया कि उन्हें 'दिल चाहता है' रिजेक्ट करने का पछतावा है। ईशा कोप्पिकर ने बताया कि उम्र के साथ कलाकारों को खुद में बदलाव क्यों लाना चाहिए। एक बातचीत में अपने सफर को याद करते हुए, ईशा ने एक कलाकार के तौर पर चर्चा में बने रहने के बारे में अपने विचार शेयर किए, 'एक कलाकार के रूप में आप जो सबसे अच्छा काम कर सकते हैं। वह है उम्र के साथ खुद को ढालना और आगे बढ़ना। कलाकार के तौर पर हमें अक्सर लगता है कि हमारी उम्र कभी नहीं बढ़ती, लेकिन हमें बदलाव को अपनाना चाहिए और अलग-अलग तरह के किरदार निभाने चाहिए। एक ही तरह के काम से होने वाली नीरसता को तोड़ना जरूरी है, क्योंकि लोग आपको बार-बार एक ही रोल में देखकर ऊब जाते हैं। मैं इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं थी, क्योंकि इससे पहले मैंने बहुत ही साधारण और सीधी-सादी लड़कियों के रोल किए थे।



हॉलीवुड मसाला



इ्यून पार्ट-3 की रिलीज डेट


में बदलाव

नई दिल्ली। मार्वल स्टूडियोज की अपकमिंग फिल्म एवेंजर्सः डूम्सडे को चीन में भी रिलीज किया जाएगा, जिसकी वजह से इ्यून-3 की रिलीज डेट बदली गई है। 18 दिसंबर को एवेंजर्सः डूम्सडे को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। लेकिन, चीन में ये फिल्म रिलीज से दो दिन पहले बड़े पर्दे पर प्रदर्शित की जाएगी। 16 दिसंबर को मार्वल की एवेंजर्सः डूम्सडे को चीन में आईनॉक्स सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। अब निर्देशक डेनिस विलेन्यूव की इ्यून 3 को करीब दो हफ्ते बाद 31 दिसंबर को चीन में प्रदर्शित किया जाएगा।




अब डॉक्टर डूम बनकर लौट रहे 'आयरन मैन'

नई दिल्ली। हॉलीवुड मूवी अवेंजर्स डूम्सडे को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज है। इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियतों में से एक हैं हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर, जिन्होंने कभी आयरन मैन बनकर दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीता था। अब वही अभिनेता मार्वल की दुनिया में डॉक्टर डूम बनकर आ रहे हैं। सुपरहीरो से सुपरविलेन बनने का उनका यही सफर फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी बनी हुई है। तभी तो 4600 करोड़ के प्रोडक्शन बजट और 23 से ज्यादा सुपरहीरो वाली फिल्म ने रिलीज से पहले ही 100 मिलियन डॉलर कमा लिए हैं। बता दें कि हॉलीवुड स्टार आरडीजे की उम्र 61 साल है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने 2008 में रिलीज हुई फिल्म आयरन मैन से मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत करने में अहम भूमिका निभाई थी।



'418' चार भाषाओं में होगी रिलीज...

मुंबई। फिल्म केजीएफ और सालार के निर्देशक प्रशांत नील तेलुगु हॉरर थ्रिलर '418' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 23 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म चार भाषाओं में रिलीज होने वाली है। फिल्म के ट्रेलर और स्पेशल स्क्रीनिंग को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। कीर्तन नादगौड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म दिलचस्प है, क्योंकि यह अपने ओरिजिनल रिलीज प्लान से आगे बढ़ गई है। इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट करने वाली मैथरी मूवी मेकर्स ने शुरू में इसे तेलुगु में रिलीज करने का प्लान बनाया था। हालांकि फिल्म को मिले अच्छे रिस्पॉन्स के बाद मेकर्स अब इसे तेलुगु, कन्नड़, तमिल और हिंदी में रिलीज करने वाले हैं। यह फिल्म एक बिल्डिंग के रूम नंबर 418 के राज के इर्द-गिर्द घूमती है।



खोसला का घोसला-2 की रिलीज डेट बदली

नई दिल्ली। फिल्म 'खोसला का घोसला 2' की रिलीज डेट बदल दी गई है। फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर नया पोस्टर शेयर करते हुए इसकी नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। उन्होंने पोस्ट के साथ लिखा, 'सौदा पक्का! खोसला परिवार सिनेमाघरों पर कब्जा करने के लिए तैयार है। 'खोसला का घोसला 2' 5 मार्च 2027 को बड़े पर्दे पर आ रही है।' 'खोसला का घोसला 2' में पहली फिल्म के कई कलाकार एक बार फिर नजर आएंगे। इनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, रणवीर शौरी, किरण जुनेजा और परवीन डबास शामिल हैं। वहीं, साल 2006 में आई पहली फिल्म का हिस्सा रहीं तारा शर्मा भी इस सीक्वल में नजर आएंगी। जबकि नए कलाकारों में फिल्म से रवि किशन और दिव्य खोसला भी जुड़े हैं। 'खोसला का घोसला' साल 2006 में रिलीज हुई थी।

टीवी मसाला



पवन की एंट्री से मची धूम रूलर्स के बीच छिड़ी जंग

नई दिल्ली। राइज एंड फॉल' सीजन 2 में काजल और सारा के डबल एविक्शन के बाद शो में मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। गौतम गुलाटी और प्रियंका चाहर चौधरी ने फिलहाल एक-दूसरे से दुश्मनी भुलाकर साथ आने का फैसला किया है। शो के पेंटहाउस में इरीना रुडाकोवा और निहारिका तिवारी के बीच जसवंत बोपन्ना को लेकर चर्चा हुई। घर में यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि जसवंत की निहारिका में रोमांटिक दिलचस्पी है। हालांकि, निहारिका ने इस बात को खारिज कर दिया। घर के दूसरे सदस्यों के बीच भी इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। शो में मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह टावर पहुंचे। इस खास कार्यक्रम को स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला ने होस्ट किया। इस दौरान पवन सिंह ने शो में अपने पिछले अनुभव को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'मेरा मूड बदलते रहता था। शुरुआती दिनों में पहले दिन लगा कि मेरी सांस रुक जाएगी। मुझे खुले में रहने की आदत है, लेकिन धीरे-धीरे सब ठीक हो गया।' इस कार्यक्रम में निहारिका और जसवंत ने परफॉर्म किया। वहीं, इरीना ने पवन सिंह के साथ डांस किया। करण पटेल और ऋषभ ने रूलर्स और वर्कर्स की नकल उतारकर सभी को खूब हंसाया। मनोरंजन से भरी शाम के बाद शो में खेल फिर शुरू हुआ। इस बार पेंटहाउस में रहने वाले दो रूलर्स को बेसमेंट में भेजने के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया हुई। नियम के मुताबिक, कंटेस्टेंट्स को विरोधी तिकड़ी के सदस्यों के नाम पर वोट देना था।

गौरव के हाथ लगा एकता का नया शो

नई दिल्ली। गौरव खन्ना अब एकता कपूर के अपकमिंग शो में नजर आएंगे और उनके साथ श्रद्धा आर्या लीड रोल में होंगी। पिछले दिनों ही शो का टीजर जारी किया था और अब दोनों ने सेट पर साथ पूजा की है।



हालांकि, अब तक शो के नाम का ऐलान नहीं हुआ है। हाल ही में शो का टीजर जारी किया गया था और अब श्रद्धा आर्या और गौरव खन्ना ने सेट पर मुहूर्त पूजा के साथ अपने नए शो का आगाज किया है, जिसे लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। सोशल मीडिया पर श्रद्धा आर्या और गौरव खन्ना की कुछ तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें दोनों को अपने नए शो के सेट पर पूजा करते देखा जा सकता है। दोनों ने सेट पर दुर्गा पूजा की रस्में निभाईं और भक्ति में लीन नजर आए। इन तस्वीरों और वीडियो में दोनों सफेद रंग के ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं।

सिनेमा की पहली 'आइटम गर्ल' ने किया था कैबरे डांस, 77 साल पहले आई फिल्म का है ये गीत

नई दिल्ली। आजकल शादी, पार्टी और गेट-टूगेदर्स में जब डांस सॉन्ग्स की बात आती है तो ज्यादातर आइटम सॉन्ग्स पर ही लोग झूम-झूमकर नाचते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं भारत की पहली आइटम गर्ल कौन थी और उन्होंने 77 साल पहले एक ऐसे गाने पर कैबरे डांस किया था जिस पर उस दौर पर में पार्टी में लोग खूब नाचते थे। सिनेमा की पहली 'आइटम गर्ल' कुकू मोरे ने 77 साल पहले रिलीज हुई फिल्म बरसात के गाने पतली कमर है, तिरछी नजर है में कैबरे डांस किया था। इसमें मोरे ने प्रेमनाथ के साथ शानदार डांस किया था। इस आइकॉनिक ट्रैक को शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने कंपोज किया था, वहीं स्वर कोकिला लता मंगेशकर और मुकेश की जोड़ी ने इसे अपनी शानदार आवाज से सजाया था।

हेलेन की मेंटर थीं कुकू

1940 के दशक के बॉलीवुड में डांसिंग की क्वीन मानी जाने वालीं कुकू मोरे एक ऐसी कलाकार थीं, जिन्होंने हेलेन के स्टार बनने से पहले उन्हें गाइड करने में मदद की थी। इतना ही नहीं, उन्हें सिनेमा की पहली आइटम गर्ल भी माना जाता है। कुकू मोरे बॉलीवुड की पहली कैबरे/वैम्प डांस बनीं और उन्हें हिंदी सिनेमा में डांस नंबर कल्चर की शुरुआत करने वाली कलाकार माना जाता है। उनके जबरदस्त डांस मूव्स और लचीलेपन की वजह से उन्हें 'रबर गर्ल' कहा जाता था और वे अपने डांस के लिए अच्छी खासी फीस भी लेती थी।



बरसात के बारे में

'बरसात' 1949 में रिलीज हुई थी जिसे राज कपूर ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में कपूर और नरगिस की मशहूर जोड़ी के साथ प्रेम नाथ भी थे और इसी फिल्म से एक्ट्रेस निम्मी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी।'बरसात' कपूर के डायरेक्ट की गई शुरुआती बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। इस कामयाबी की वजह से कपूर 1950 में आरके स्टूडियो खरीद पाए।

शबाना के बेबाक बोल- न नमाज पढ़ती हूं, न धर्म से कोई वास्ता

मुंबई। हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी बेबाक राय और सामाजिक मुद्दों पर खुलकर बोलने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने धर्म, आस्था और पारिवारिक परवरिश को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसकी चर्चा हो रही है। शबाना ने बताया कि वह मुस्लिम हैं और उन्हें ईद मनाना, उर्दू भाषा और पारंपरिक खानपान पसंद है, लेकिन वह नमाज नहीं पढ़तीं और न ही धर्म से उनका कोई औपचारिक जुड़ाव है। अभिनेत्री के मुताबिक, उनके लिए आस्था पूरी तरह व्यक्तिगत मामला है और इसमें राज्य या सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने अपने पति और मशहूर गीतकार जावेद अख्तर के नास्तिक विचारों का भी जिक्र किया। शबाना आजमी ने एक बातचीत के कार्यक्रम में अपने परिवार और धार्मिक विचारों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनके पिता कैफी आजमी नास्तिक थे, जबकि उनकी मां धर्म का पालन तो करती थीं, लेकिन बहुत गंभीरता से नहीं।



अभिनेत्री ने कहा कि उनकी भाषा में 'माशाअल्लाह' और 'इंशाअल्लाह' जैसे शब्द सहज रूप से शामिल हैं। हालांकि उनके पति जावेद अख्तर कभी-कभी इस पर सवाल उठाते हैं। शबाना के अनुसार जावेद उनसे पूछते हैं कि अगर कोई व्यक्ति बार-बार 'प्रभु जी की मर्जी' कहे तो उन्हें कैसा लगेगा। इस पर अभिनेत्री का मानना है कि कुछ शब्द हमारी भाषा और सांस्कृतिक परिवेश का हिस्सा बन जाते हैं। उनका इस्तेमाल हमेशा धार्मिक विश्वास का संकेत नहीं होता। अपने धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के बारे में शबाना आजमी ने स्पष्ट किया कि वह मुस्लिम हैं और अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी चीजों को पसंद करती हैं। उन्हें ईद का त्योहार, उर्दू भाषा और पारंपरिक खाना अच्छा लगता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उनके परिवार में नमाज पढ़ने की परंपरा नहीं है और धर्म के साथ उनका कोई औपचारिक संबंध नहीं है।


हॉरर-थ्रिलर से लेकर सस्पेंस-कॉमेडी का मिलेगा मजा

आज सिनेमाघरों में अलग-अलग जॉनर की सात फिल्में होंगी रिलीज

नई दिल्ली। आज सिनेमाघरों में अलग-अलग जॉनर की सात बॉलीवुड फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों को क्रिकेट के रोमांच से लेकर पारिवारिक रिश्तों, प्यार, एक्शन, कॉमेडी और खौफनाक रहस्यों तक का अनुभव मिलेगा। अगर आप वीकेंड पर थिएटर में फिल्म देखने की योजना बना रहे हैं, तो इन फिल्मों की कहानी और जॉनर के बारे में जान सकते हैं।

दूसरा *: स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'दूसरा' की कहानी भारतीय क्रिकेट के एक यादगार दौर से प्रेरित है। फिल्म में साल 2002 की नेटवेस्ट सीरीज में भारत की ऐतिहासिक जीत की पृष्ठभूमि दिखाई गई है। लॉर्ड्स के मैदान पर मिली इस जीत ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के बीच खास जगह बनाई थी। फिल्म इसी ऐतिहासिक घटना के साथ एक युवा लड़की की कहानी को जोड़ती है। क्रिकेट के जुनून, उस दौर के माहौल और भारतीय क्रिकेट में आए बदलावों को पेश करने वाली यह फिल्म खेल पर आधारित कहानियां पसंद करने वाले दर्शकों के लिए दिलचस्प हो सकती है।*

लिटिल थॉमस *: लिटिल थॉमस एक फैमिली ड्रामा है, जिसकी कहानी 1990 के दशक के गोवा में स्थापित है। फिल्म का मुख्य किरदार सात साल का थॉमस है, जो अपने परिवार में एक छोटे भाई की चाहत रखता है। उसकी इस मासूम इच्छा के बाद परिवार में क्या बदलाव आते हैं और रिश्तों पर इसका क्या असर पड़ता है, कहानी इसी के इर्द-गिर्द आगे बढ़ती है। बच्चों की भावनाओं और पारिवारिक रिश्तों को केंद्र में रखने वाली यह फिल्म हल्की-फुल्की और भावनात्मक कहानी देखने वालों को आकर्षित कर सकती है।*





उड़ता तीर: अगर आप इस वीकेंड कुछ हल्का-फुल्का और मनोरंजक देखना चाहते हैं, तो 'उड़ता तीर' एक विकल्प हो सकती है। स्पाई कॉमेडी और फैमिली एंटरटेनर के तौर पर पेश की जा रही इस फिल्म में एक ऐसे जासूस की कहानी है, जिसकी गलतियां उसे बड़ी मुसीबत में डाल देती हैं। उसके कारण जासूसी की दुनिया में घटनाओं का ऐसा सिलसिला शुरू होता है, जो कई मजेदार परिस्थितियां पैदा करता है। फिल्म में जासूसी के रोमांच के साथ हास्य का मेल देखने को मिलेगा। परिवार के साथ मनोरंजन की तलाश कर रहे दर्शकों की इसमें दिलचस्पी हो सकती है।

तू है मेरी किरण : सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की फिल्म 'तू है मेरी किरण' रोमांस और सस्पेंस का मेल है। फिल्म में दोनों कलाकारों के किरदारों के बीच प्रेम कहानी दिखाई गई है, लेकिन उनका रिश्ता उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित मोड़ों से गुजरता है। कहानी में प्यार के साथ रहस्य का पहलू भी जुड़ा है, जो दर्शकों की उत्सुकता बनाए रखने की कोशिश करेगा। रोमांटिक कहानियों में सस्पेंस और रिश्तों की जटिलताएं पसंद करने वाले दर्शक इस फिल्म को अपनी वीकेंड वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं।

तुम मेरे हो *: 'तुम मेरे हो' में प्रेम कहानी को एक्शन और एडवेंचर के साथ पेश किया गया है। फिल्म की कहानी दो प्रेमियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें अपने रिश्ते को बनाए रखने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के बीच उनके रिश्ते की परीक्षा होती है और यह सवाल सामने आता है कि मुश्किल हालात में उनका प्यार कितना मजबूत साबित होगा। रोमांस के साथ तेज रफ्तार घटनाएं और एक्शन पसंद करने वाले दर्शकों के लिए यह फिल्म एक विकल्प हो सकती है।*

पहला प्यार दूसरी बार *: रोमांटिक कॉमेडी 'पहला प्यार दूसरी बार' की कहानी पुराने प्यार के दोबारा जिंदगी में लौटने के विचार पर आधारित है। किसी पुराने रिश्ते की वापसी के बाद जिंदगी पहले जैसी नहीं रहती और नए सवाल खड़े होने लगते हैं। प्यार, दोस्ती और आपसी रिश्तों के बीच पैदा होने वाली उलझनों को फिल्म में रोमांस और कॉमेडी के अंदाज में दिखाया गया है। पहले प्यार से जुड़ी भावनाओं और रिश्तों में आने वाले बदलावों पर आधारित कहानियां पसंद करने वालों को यह फिल्म पसंद आ सकती है।*

खबर संक्षेप



खड़ी बाइक जलकर खाक आग लगाने की आशंका

रायगढ़। शहर के बेलादुला इलाके में घर के बाहर खड़ी बजाज पल्सर मोटरसाइकिल संदिग्ध परिस्थितियों में जल गई। सुबह जब वाहन मालिक बाहर निकला, तो बाइक पूरी तरह आग की चपेट में आ चुकी थी। वाहन मालिक ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर जानबूझकर आग लगाने का संदेह जताते हुए चक्रधरनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक, सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र के कोमो निवासी संजय दास महंत रायगढ़ के बेलादुला में मनोज पटनायक के किराये के मकान में रहकर निजी नौकरी करता है। उसके नाम पर बजाज पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एएम 4145 पंजीकृत है। बताया गया कि 21 अक्टूबर की रात करीब 9:30 बजे संजय ने अपनी बाइक मकान के बाहर खड़ी की और खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया। अगले दिन 22 अक्टूबर की सुबह करीब 4 बजे जब वह उठा और बाहर पहुंचा, तो उसकी मोटरसाइकिल जली हुई मिली। घटना के बाद वाहन मालिक ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक में आग लगाई है। उसने चक्रधरनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल बाइक में आग लगने के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

कांग्रेस के धरने को भाजयुमो अध्यक्ष ने घेरा

रायगढ़। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे धरना-आंदोलन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुमीत शर्मा ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि रायगढ़ में ओपी चौधरी के प्रयासों को नजरअंदाज कर कांग्रेस विकास कार्यों में बाधा डालने का प्रयास कर रही है। सुमीत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अपने पांच साल के कार्यकाल में विकास के ठोस उदाहरण पेश नहीं कर पाई और अब विकास कार्यों पर सवाल उठाकर जनता के हितों को प्रभावित करना चाहती है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सजग प्रहरी के रूप में काम करना और सत्ता पक्ष को आईना दिखाना भी है। स्वस्थ आलोचना से ही लोकतंत्र में जनता का विश्वास मजबूत होता है। उन्होंने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि पार्टी अपने कार्यकाल के विकास कार्यों का हिसाब दे या ऐसे पांच काम गिनाए, जो जनहित के लिए अत्यंत आवश्यक थे और जिन्हें उसने पूरा किया हो। उन्होंने दावा किया कि विधायक के रूप में ओपी चौधरी द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को देखकर कांग्रेस के प्रति जनता का विश्वास कमजोर हो रहा है। भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार के पांच साल के कार्यकाल के दौरान रायगढ़ जिले में मंत्री, स्थानीय विधायक और महापौर कांग्रेस पार्टी से ही थे। इसके बावजूद कांग्रेस अपने कार्यकाल के पांच प्रमुख जनहितकारी कार्यों को बताने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कार्यकाल में विकास के बजाय कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा।

सारंगढ़ नपा में 18445 व बिलाईगढ़ नपं में 4698 मतदाता, 30 तक लिए जाएंगे दावा-आपत्ति

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम तथा उप निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 अक्टूबर को कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पद्मिनी भोई साहू के मार्गदर्शन में संबंधित नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में मतदान केंद्रवार मतदाता सूची आम नागरिकों के अवलोकन के लिए उपलब्ध कराई गई है। प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में नागरिक 30 अक्टूबर 2026 को अपराह्न 3 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे।

नगर पालिका परिषद सारंगढ़ के 15 वार्डों में कुल 18 हजार 445 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें 9 हजार 529 महिला एवं 8 हजार 916 पुरुष मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत बिलाईगढ़ के 15 वार्डों में कुल 4 हजार 698 मतदाता हैं, जिनमें 2 हजार 375 महिला एवं 2 हजार 323 पुरुष मतदाता शामिल हैं। दोनों नगरीय निकायों के कुल 30 वार्डों में 23 हजार 143 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें 11 हजार 904 महिला एवं 11 हजार 239 पुरुष मतदाता हैं। सभी वार्डों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का मतदान केंद्रवार प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दावा-आपत्ति कार्य दिवसों के साथ शनिवार एवं रविवार के अवकाश के दिनों में भी प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित स्थानों पर प्रस्तुत की जा सकेगी। हालांकि दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। इसके लिए प्रारूप क, क-1, ख एवं ग संबंधित मतदान केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं। आवेदक अधिकृत अधिकारी अथवा कर्मचारी से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेज एवं पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने और त्रुटि सुधार के लिए निर्धारित प्रक्रिया जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने अथवा एक वार्ड से दूसरे वार्ड में नाम स्थानांतरित करने के लिए प्रारूप क, नाम, आयु, मकान नंबर एवं पिता या पति के नाम जैसी प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार के लिए प्रारूप ख तथा मृत्यु, स्थान परिवर्तन अथवा अन्य कारणों से नाम विलोपित कराने के लिए प्रारूप ग में आवेदन किया जा सकेगा। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग की प्रचलित विधानसभा निर्वाचक नामावली में आवेदक का नाम दर्ज होना आवश्यक है। जिन पात्र नागरिकों का नाम विधानसभा की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उन्हें पहले विधानसभा की निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज कराना होगा। निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत नाम दर्ज होने के प्रमाण के रूप में संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के आदेश की प्रमाणित प्रति सहित प्रारूप क-1 में आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। ऐसे आवेदन संबंधित रजिस्ट्रीकरण अथवा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सीधे प्राप्त किए जाएंगे। प्रारूप क-1 में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर 2026 निर्धारित है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने संबंधित नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों के नागरिकों से प्रकाशित निर्वाचक नामावली का अवलोकन कर आवश्यकतानुसार निर्धारित समय-सीमा में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की जानकारी दी है, ताकि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्ण की जा सके।

सरपंच व पंच पदों के लिए भी मतदाता सूची प्रकाशित

त्रिस्तरीय पंचायत आम एवं उप निर्वाचन 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत बिलाईगढ़ की ग्राम पंचायत डुरुमगढ़ एवं मधाईमाठा में सरपंच पद तथा जमगहन के वार्ड क्रमांक 09 एवं पेंड्रावन के वार्ड क्रमांक 04 में पंच पद के उप निर्वाचन के लिए मतदाता सूची प्रकाशित की गई है। जनपद पंचायत सारंगढ़ की ग्राम पंचायत रीवापार एवं कोतरी में सरपंच पद के उप निर्वाचन तथा ग्राम पंचायत सिरोली में सरपंच सहित सभी 11 वार्डों के पंच पदों के आम निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बरमकेला अंतर्गत ग्राम पंचायत भीखमपुरा एवं सकरतुंगा में सरपंच पद के उप निर्वाचन के साथ ग्राम पंचायत लोधिया के वार्ड क्रमांक 07, संडा के वार्ड क्रमांक 05 एवं 08, देवगांव के वार्ड क्रमांक 06, कोतरा के वार्ड क्रमांक 04, खोरीगांव के वार्ड क्रमांक 09, कंठीपाली के वार्ड क्रमांक 01, सकरतुंगा के वार्ड क्रमांक 02, धनीगांव के वार्ड क्रमांक 07, गौरडीह के वार्ड क्रमांक 12, कचनपुर ब के वार्ड क्रमांक 10, खिचरी के वार्ड क्रमांक 06, सहजपाली के वार्ड क्रमांक 04 तथा विष्णुपाली के वार्ड क्रमांक 09 में पंच पद के उप निर्वाचन के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। संबंधित ग्राम पंचायतों में भी 30 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेगी।



पेंड्रावन के रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक चंद्रदेव राय

सरसींवा। विजयादशमी के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत पेंड्रावन में विराट रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक चंद्रदेव राय बतौर अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष तारा चंद देवांगन उपस्थित रहे। चंद्रदेव राय ने कार्यक्रम में आमंत्रित करने तथा सम्मान देने के लिए ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती पिंकी जांगड़े एवं उपसरपंच कुमार देवांगन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह विशेष खुशी की बात है कि ग्राम पंचायत के सरपंच एवं उपसरपंच, दोनों उनके प्रिय विद्यार्थी रहे हैं। इस अवसर पर चंद्रदेव राय ने क्षेत्रवासियों को विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रभु श्रीराम से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली बनाए रखने की मंगलकामना की। कार्यक्रम में सरपंच मोनू कृष्णा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। विराट रावण दहन कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

झारसुगुड़ा में काम के चलते दिसंबर तक कई ट्रेनें रद्द, उत्कल एक्सप्रेस का बदलेगा रूट

रायगढ़। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल अंतर्गत झारसुगुड़ा पैसेंजर यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते नवंबर और दिसंबर में रेल यातायात प्रभावित रहेगा। 27 नवंबर से 17 दिसंबर तक निर्धारित तिथियों में होने वाले इस कार्य का असर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित कई यात्री ट्रेनों पर पड़ेगा। रेलवे ने इस दौरान कई एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द करने, कुछ का मार्ग बदलने और कुछ ट्रेनों को निर्धारित गंतव्य से पहले समाप्त करने का निर्णय लिया है। रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार, टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस, हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस और बिलासपुर-बक्सर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का परिचालन निर्धारित तिथियों में रद्द रहेगा। इसके अलावा हावड़ा-पुणे दुरंतो, पुणे-हावड़ा दुरंतो, साउथ बिहार एक्सप्रेस और विभिन्न लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें भी प्रभावित होंगी। रद्दीकरण अलग-अलग तारीखों पर लागू होगा। इसलिए यात्रियों को अपनी ट्रेन के नंबर और यात्रा की तारीख के अनुसार जानकारी जांचने की सलाह दी गई है।

संजय मार्केट में आधुनिक वॉशरूम का लोकार्पण

रायगढ़। शहर में नागरिक सुविधाओं के विस्तारए सार्वजनिक स्थलों के आधुनिकीकरण और बाजार क्षेत्रों को व्यवस्थित स्वरूप देने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र संजय मार्केट में एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त आकांक्षी टॉयलेट ब्लॉक तैयार किया गया है। लंबे समय से प्रतीक्षित इस आधुनिक सार्वजनिक सुविधा का महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, एमआईसी सदस्य सुरेश गोयल, श्रीमती पूनम सोलंकी, अमित शर्मा, पार्षद यादराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधिवत लोकार्पण किया। इसके साथ ही एसपी कॉम्प्लेक्स के पास फूल मार्केट निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। संजय मार्केट शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, ग्राहक और आम नागरिक पहुंचते हैं। ऐसे में यहां आधुनिक, स्वच्छ और सुविधायुक्त सार्वजनिक वॉशरूम की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नगर निगम द्वारा इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दो मंजिला आकांक्षी टॉयलेट ब्लॉक विकसित किया गया है। इसमें महिला एवं पुरुषों के लिए अलग.अलग व्यवस्थाओं के साथ दिव्यांगजनों और छोटे बच्चों की जरूरतों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह टॉयलेट ब्लॉक बाजार आने वाले नागरिकों के लिए सुविधाजनक साबित होगा और सार्वजनिक स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। इसी तरह फूल मार्केट निर्माण से व्यवस्थित रूप से फूल व्यापारियों को जगह मिलेगा। इसके लिए एसपी परिसर के रिक्त जगह पर फूल मार्केट का निर्माण व्यवस्थित रूप से होगा, जहां एक ही जगह पर फूल माला पूजा अर्चना की सामग्री उपलब्ध होगी। दो मंजिला इस आकांक्षी टॉयलेट ब्लॉक में कुल 20 सीटों की व्यवस्था की गई है। ग्राउंड फ्लोर पर महिलाओं के लिए चार इंडियन सीटए दो वेस्टर्न सीटए दो यूरिनलए दो बाथरूम, दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष टॉयलेटए दो वॉश बेसिन तथा एक बेबी केयर रूम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं, प्रथम तल पर पुरुषों के लिए छह इंडियन सीट, दो वेस्टर्न सीट, पांच यूरिनल, तीन बाथरूम और दो वॉश बेसिन की व्यवस्था की गई है। महिलाओंए पुरुषों, दिव्यांगजनों और छोटे बच्चों की अलग.अलग आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह टॉयलेट ब्लॉक सार्वजनिक सुविधाओं को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे संजय मार्केट आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी और बाजार क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी।

कांग्रेस का वोट बचाओ देश बचाओ आंदोलन, निकाली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार तथा बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे एवं जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अध्यक्ष ताराचंद देवांगन के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसीवा द्वारा राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ, देश बचाओ जनआंदोलन के द्वितीय चरण के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरसीवा बस स्टैंड से तहसील कार्यालय तक पदयात्रा निकाली। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने, मतदाता सूची की विश्वसनीयता बनाए रखने तथा नागरिकों के मताधिकार की सुरक्षा की मांग उठाई गई। पदयात्रा के पश्चात कांग्रेसजनों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका एवं कार्यप्रणाली को लेकर उठाए जा रहे सवालों की निष्पक्ष समीक्षा करने और उन्हें पद से हटाने की मांग संबंधी ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार सरसीवा को सौंपा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर विधायक कविता प्राण लहरे सहित उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता, संविधान की गरिमा और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा पर जोर दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए निष्पक्ष चुनाव और मताधिकार की सुरक्षा आवश्यक है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्राण लहरे, जागेश्वर लहरे, नीतीश बंजारे, राजकुमार जांगड़े, सुकुल लहरे, उज्जैन रात्रे, सेतु साहू, परस बंजारे, आनंद साहू, सोमनाथ पटेल, धनालाल साहू, रोहित साहू, आकाश पांडेय, प्रियांशु जांगड़े, अब्दुल्ला खान, भूषण भारद्वाज, अनुज खटकर, संतोष कुर्रे, विनोद बंजारे, कमल बंजारे, उमाशंकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसीवा ने लोकतंत्र की मजबूती, निष्पक्ष चुनाव और जनता के मताधिकार की सुरक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया।

1 नवंबर से पॉलीथिन कैरी बैग व पानी पाउच प्रतिबंधित

घरघोड़ा। नगर पंचायत घरघोड़ा ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबंधित पॉलीथिन कैरी बैग एवं पानी के पाउच के उपयोग, बिक्री और वितरण पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 1 नवंबर से नगर पंचायत क्षेत्र में प्रतिबंध लागू होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सामग्री जब्ती, जुर्माना और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना में परिषद की बैठक में पारित संकल्प क्रमांक 08, दिनांक 12 अगस्त 2026 का उल्लेख किया गया है। आदेश के दायरे में दुकानदारों, ठेला संचालकों, होटल-रेस्टोरेंट संचालकों, साप्ताहिक हाट-बाजार के विक्रेताओं, थोक व्यापारियों, वितरकों और संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को शामिल किया गया है। व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित तिथि से पहले मौजूदा स्टॉक समाप्त करें अथवा आदेशानुसार उसका निपटान करें। साथ ही प्रतिबंधित सामग्री का नया स्टॉक मंगाने, भंडारण, परिवहन और आपूर्ति से बचने को कहा गया है। नगर पंचायत ने आदेश में छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 233 एवं 234 का उल्लेख करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की बात कही है। प्रतिबंध लागू होने के बाद निरीक्षण के माध्यम से नियमों के पालन की जांच की जाएगी।



